**SATISH CHANDRA MEMORIAL SCHOOL**

**Practice Test**

**Class – VII**

**HINDI**

**Maximum Marks – 20**

1. **नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और कथनों (Assertion) तथा कारणों (Reason) के आधार पर सही विकल्प को चुनिए।** **(1x5=5)**

प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से भी अजंता अद्वितीय है। नीचे नदी बहती है, जिसमें बड़े-बड़े शिलाखंड हैं। उनसे टकराता हुआ पानी गुफाओं के ठीक नीचे एक कुंड में इकट्ठा होता है। घाटी में चारों ओर हरसिंगार का वन है। अजंता की छोटी बड़ी कुल उनतीस गुफाएं हैं। इनके दो भेद हैं - स्तूप-गुफा और विहार-गुफा। स्तूप गुफा में केवल प्रार्थना या उपासना की जाती थी इसलिए वह अधिक लंबी है और उसके अंतिम छोर पर एक स्तूप है जिसके चारों ओर प्रदक्षिणा करने भर का स्थान है। वहां से द्वार तक दोनों ओर खभों की पंक्ति है। अजंता की उनतीसवीं गुफा वहां की सबसे बड़ी स्तूप गुफा है और उसका द्वार बड़ा ही भव्य है। विहार-गुफा भिक्षुओं के रहने और अध्ययन के लिए होती थी। सभी गुफाएं अत्यंत उत्कृष्ट हैं, किंतु गुफा एक का कौशल तो एक अचंभा है, जो लगभग छत्तीस मीटर तक भीतर काटी गई है। प्रायः सभी गुफाओं में चित्र बने हुए थे जिनमें से पहली, दूसरी, सोलहवीं और सत्रहवीं गुफाओं के चित्रों के विशेष अंश बचे हैं।

क) **कथन(A)**- गुफाओं के ठीक नीचे एक कुंड में पानी इकट्ठा होता है तथा घाटी में चारों ओर हरसिंगार का वन है।

**कारण(R)**- अजंता के प्राकृतिक सौंदर्य की विशेषता है।

A) कथन और कारण दोनों गलत है।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

ख) **कथन(A)** - स्तूप गुफा में दरबार लगाया जाता था।

**कारण(R)** - स्तूप गुफा का प्रयोग किया जाता था।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

ग) **कथन(A)** - गुफा का प्रयोग भिक्षुओं के रहने और अध्ययन के लिए किया जाता था।

**कारण(R)** - विहार गुफा का प्रयोग किया जाता था।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

C) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

D) कथन गलत है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या है।

घ) **कथन(A)** - अजंता की सबसे बड़ी स्तूप गुफा तथा उसका द्वार बड़ा ही भव्य है।

**कारण(R)** - अजंता की उनतीसवीं गुफा है।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

C) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

D) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

ङ) **कथन(A)** - गुफा को लगभग छत्तीस मीटर तक भीतर तक काटा गया है।

**कारण(R)** - यह गुफा एक का कौशल है।

A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

**2. पठित गद्यांश के आधार पर दिए गए कथनों (Assertion) तथा कारणों (Reason) को पढ़कर सही विकल्प को चुनिए। (1x5=5)**

क) **कथन(A)** - मेरे दोनों बड़े भाई हॉकी खेलते थे। उन्हीं के चलते मुझे भी उसका शौक हुआ।

**कारण(R)** - यह रमेश पिल्लै ने कहा था।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन गलत है किंतु कारण सही है।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

ख) **कथन(A)** - तब मैं सिर्फ 16 साल का था - देखने में दुबला-पतला और छोटे बच्चे जैसा चेहरा।

**कारण(R)** - मैंने अपनी जूनियर राष्ट्रीय हॉकी सन् 1985 में मणिपुर में खेली।

A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

B) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

ग) **कथन(A)** - किसी तरह दसवीं तक पहुंचा मगर उसके आगे का मामला तो बहुत कठिन था।

**कारण(R)** - ऐसा धनराज पिल्लै का विद्यार्थी जीवन था।

A) कथन सही है, किन्तु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

C) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।

D) कथन और कारण दोनों सही है।

घ) **कथन(A)** - सबसे अधिक प्रेरणा मुझे अपने पापा से मिली।

**कारण(R)** - धनराज के लिए उसके परिवार की अहमियत थी।

A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

ङ) **कथन(A)** - मैंने सबसे पहले कृत्रिम घास तब देखी जब मैं दिल्ली आया।

**कारण(R)** - सन् 1988 राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

3. **नीचे दिए गए कथनों (Assertion) तथा कारणों (Reason) को पढ़कर सही विकल्प को चुनिए। (1x10=10)**

क) **कथन(A)** - "कार बहुत धीरे चल रही थी इसलिए हम विलंब से पहुंचे"। यह रचना के आधार पर वाक्य का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह मिश्रित वाक्य है।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

ख) **कथन(A)** - “मैंने क्रिकेट खेलना अपने मामा से सीखा”। यह कारक का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह अपादान कारक है।

A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों गलत है।

C) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।

D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

ग) **कथन(A)** - “किसान के पास दो जोड़ी बैल हैं”। यह विशेषण का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह परिमाणवाचक विशेषण है।

A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।

घ) **कथन(A)** - “कीचड़ में कमल खिल गया”। यह क्रिया का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह संयुक्त क्रिया है।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।

D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

ङ) **कथन(A)** - “चतुर्मुख” यह समास का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह तत्पुरुष समास है।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।

D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

च) **कथन(A)** - “दादाजी महाभारत पढ़ रहे हैं”। यह काल का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह अपूर्ण वर्तमान काल है।

A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

छ) **कथन(A)** - “वह लड़का पढ़ाई में ध्यान कम देता है”। यह विशेषण का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह सार्वनामिक विशेषण है ।

A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

ज) **कथन(A)** - “आकाश में सूरज चमक रहा है”। यह कारक का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह करण कारक है।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

C) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

D) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

झ) **कथन(A)** - मृगनयनी यह समास का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह कर्मधारय समास है।

A) कथन सही है, किन्तु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

C) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।

D) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

ञ) **कथन(A)** - “राधा खेलती होगी”। यह काल का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह आसन्न भूतकाल है।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

C) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।